प्रैस नोट

आज दिनांक 28-10-2013, हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णयनुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन करने बारे, उच्चतर शिक्षा निदेशलाय के समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को श्री शशि भूषण सेखरी, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक(उच्चतर), हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रतिज्ञा दिलवाई गई कि वह लोक सेवक होने के नाते अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयतनशील रहेंगे । अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिए निर्बाध रूप से कार्य करेंगे । अपने संगठन के विकास और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करेंगे। अपने सामूहिक प्रयासों द्वारा अपने संगठनों को गौरवशाली बनाएंगे तथा अपने देशवासियों को सिद्वांतों पर आधारित सेवा प्रदान करेंगे। अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण ईमानदारी से करेंगे और भय अथवा पक्षपात के बिना कार्य करेंगे ।

(दिनकर बुराथोकी)
शिक्षा निदेशक(उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला-1